प्रेस नोट

<u>दिनांक 17.02.2026</u>

आगामी त्यौहार होली एवं रमजान के दृष्टिगत थाना मौदहा में पीस कमेटी बैठक संपन्न।

आज दिनांक 17.02.2026 को आगामी त्यौहार होली एवं रमजान के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी हमीरपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमारपुर द्वारा थाना मौदहा परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्यौहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ मनाने हेतु अपील की गई साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित न करें।

बैठक के दौरान नमाज स्थलों, होलिका दहन स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, यातायात प्रबंधन, के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। थाना स्तर पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं निरंतर गश्त किए जाने की जानकारी भी दी गई।

बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनसहभागिता पर बल दिया गया तथा स्पष्ट किया गया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा, एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।